Kannur Jila Panchayath

SSLC Mukulam Model Examination 2018

Third Language – Hindi

Maximum Score: 40 Time: 90 Minutes

सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"अरी बेबकूफ़ यह घर तो पराया है। बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है। ससुराल ही तेरा असली घर होगा। पैदा तो मैं भी इसी घर में हुई थी, पर अब तेरे फूफाजी का घर ही मेरा घर है।"

1. बुआ के अनुसार गुठली का अपना घर कौन–सा है? 1

2. हमारे समाज में लड़कों को अधिक महत्व दिया जाता है। इस पर आप का विचार क्या है? 2

3. कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** तैयार करें। 4

अथवा

गुठली बुआ की बातें माननेवाली नहीं। वह सोचने लगी ऐसा क्यों? उसने अपने विचारों को डायरी में लिखा। **गुठली के उस दिन की डायरी** कल्पना करके लिखें।

सूचना: 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के उत्तर लिखें ।

कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह–सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह ।

4. हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति कौन–सी है? 1

5. 'हमारे' में निहित सर्वनाम कौन–सा है? (मैं, हम, तुम) 1

6. बच्चे पढ़ाई और खेलों से वंचित हैं । ऐसे में **बालश्रम के विरुद्ध एक पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

बालश्रम समाज का अभिशाप है। इस विषय पर एक **लेख** तैयार करें।

सूचना: 'बीरबहूटी' कहानी का अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। "साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे?" बेला ने पूछा। "और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा।

7. आगे की पढ़ाई के लिए साहिल कहाँ जाएगा? 1

8. साहिल और बेला को गाँव का स्कूल क्यों छोड़ना पड़ता है? 2

9. मान लें, नये स्कूल में साहिल की भर्ति हुई। वह अपने स्कूल और पढ़ाई के बारे में बेला को पत्र लिखता है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें। 4

सूचनाः 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।

गंगी झुकी कि घड़े को पकड़कर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर का दरवाज़ा खुल गया। शेर का मुँह इतना भयानक न होगा।

10. गंगी क्या कर रही थी? 1

11. 'ठाकुर के दरवाज़े का खुलना' क्यों भयानक था? 2

सूचनाः हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था कविता पर लिखी टिप्पणी से लिया यह अंश पढ़कर प्रश्न 12 का उत्तर लिखें।

यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

12. इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? 2

सूचना: निम्न लिखित अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

जब लेखक मिहिर जैसलमेर किले की दूकान के सामने तस्वीर लेने खड़े हो गये तो उन्होंने वहाँ एक बोर्ड देखा। उसमें लिखा है- 'थैंक्यू लोनली प्लैनट फॉर मेकिंग अस अनइम्पलॉइड।'

13. लोनली प्लैनट से आप क्या जानते हैं? 1

14. व्यवसाइयों की इस प्रतिक्रिया पर आप का विचार क्या है? 2

15. मिहिर और दूकानदार के बीच का प्रसंगानुकूल वार्तालाप कल्पना करके लिखें। 4

सूचना : संबंध पहचानें और सही मिलान करें । 4

टूटा पहिया	बच्चों का त्यौहार
फूलदेई	धर्मवीर भारती
नन्हा कलाकार	उच्च जातिवाले
ब्राह्मण, साहू, ठाकुर	चार्ली

सूचना : निर्देशानुसार लिखें ।

16. दुनिया सच में बहुत छोटी है..। 'दुनिया' के बदले 'संसार' का प्रयोग करके पुनर्लेखन करें। 1

17. नमूने के अनुसार वाक्य को बदलकर लिखें। 1

वह गंदा पानी पीता है। उसको गंदा पानी पीना पड़ता है।

वे पैदल जाते हैं। ....

18. वाक्य पिरमिड़ की पूर्ति करें। 2

चार्ली ने गाना शुरू किया।

....

....

चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया।